20 शराब दुकानों के लाइसेंस निरस्त

- बकाया लाइसेंसी शुल्क जमा नहीं करने पर निरस्तीकरण
- 4 जुलाई को री-टेंडर, नहीं आने पर विभाग करेगा संचालन

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 1 जुलाई. आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले की 20 कंपोजिट शराब दुकानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं.इन दुकानों का कुल वार्षिक मूल्य करीब 85 करोड़ रुपये है.

लाइसेंस निरस्त होने के बाद विभाग ने सभी दुकानों का संचालन अपने नियंत्रण में ले लिया है.बताया जा रहा है कि जिले में पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी ठेकेदार ने वित्तीय वर्ष शुरू होने के महज तीन महीने बाद ही शराब दुकानों का संचालन छोड़ दिया. आबकारी विभाग के अनुसार छत्रसाल बेवरेज और भोले विश्वनाथ एसोसिएट के नाम से संचालित इन दुकानों के संचालकों ने केवल तीन माह का लाइसेंसी शुल्क जमा किया था, जबकि शेष नौ माह की राशि बकाया थी.इसी कारण लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की गई.कार्रवाई से प्रभावित दुकानों में राजनगर, खजुराहो, बमीठा, गंज, बसारी, चंदनगर, टोरिया टेक, शहर क्षेत्र, गठोरा, सारनी और हरपालपुर समूह की कुल 20 दुकानें शामिल हैं. इन दुकानों के संचालन के लिए 4 जुलाई को नई निविदाएं (री-टेंडर) खोली जाएंगी.यदि किसी दुकान के लिए बोली प्राप्त नहीं होती है तो आबकारी विभाग स्वयं अपने कर्मचारियों के माध्यम से दुकानों का संचालन करेगा.विभाग का कहना है कि शासन को हो रहे राजस्व नुकसान को रोकने के लिए यह कार्रवाई तत्काल की गई है.

> सहायक जिला आबकारी अधिकारी रामआसरे चतुर्वेदी ने बताया कि विभाग ने सभी दुकानों का कब्जा ले लिया है .कई दुकानों में शराब का स्टॉक समाप्त होने से फिलहाल बिक्री प्रभावित हो रही है .यदि ठेकेदार स्टॉक हटाकर गए हैं या दुकानें खाली कर सौंपी हैं, तो इसकी भी जांच कराई जाएगी.

कलेक्टर ने रानू का किया सम्मान

विदिशा. कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को गंजबासौदा विकासखंड के ग्राम सींगाखेड़ी की प्रतिभाशाली छात्रा रानू रघुवंशी का बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में चयन होने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर उन्होंने रानू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी. कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर बड़ी सफलताएं हासिल कर सकती हैं. कलेक्टर ने रानू से अपने अनुभव साझा करने और गांव व आसपास की बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया. ऐसी सफलताएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ अन्य युवाओं का भी आत्मविश्वास बढ़ाती हैं.

डॉक्टरों से मारपीट,तोड़फोड़ का आरोप

- घुवारा सीएचसी में मरीज के परिजन ने रात में किया हंगामा
- स्टाफ ने पुलिस से की सख्त कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 1 जुलाई. जिले के घुवारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बीती रात करीब एक बजे उस समय हंगामा हो गया, जब सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया.ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और कर्मचारियों का आरोप है कि घायल के साथ आए लोगों ने अस्पताल में घुसकर डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की तथा जमकर तोड़फोड़ की.

घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

घटना के बाद डॉ. आनंद यादव और अस्पताल स्टाफ ने घुवारा पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.हालांकि अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि शिकायत दिए जाने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है.वहीं चौकी प्रभारी किशोर पटेल ने बताया कि फिलहाल इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है.

> ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आनंद यादव द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार, इलाज के दौरान कुछ लोग गाली-गलौज करते हुए लेबर रूम तक पहुंच गए, जहां दो नर्सें प्रसूता की डिलीवरी करा रही थीं .महिलाओं द्वारा उन्हें बाहर निकालने के बाद कथित रूप से 30 से 40 लोग अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों, नर्सों, गार्ड तथा अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की और अस्पताल की खिड़कियों के कांच तोड़ दिए.

एक नजर में

जनसुनवाई में 238 शिकायतों की सुनवाई

छतरपुर. कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई .इस दौरान 238 शिकायतों की सुनवाई कर संबंधित विभागों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए. शिक्षा, राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्टर ने दिव्यांगजनों की समस्याएं अलग से सुनकर उनके शीघ्र समाधान के निर्देश भी दिए .उन्होंने पूर्व की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए पोर्टल पर समय पर एंट्री सुनिश्चित करने को कहा .बैठक में अनुपस्थित रहने पर एसई एमपीईबी, जीएम सीसीबी और एजीएम पीएमजीएसवाई का एक दिन का वेतन काटने तथा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

रैकवार छतरपुर के नए जिला शिक्षा अधिकारी पदस्थ

छतरपुर. स्कूल शिक्षा विभाग ने पीके रैकवार को छतरपुर का नया जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नियुक्त किया है .विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार उन्हें रायसेन के जिला शिक्षा केंद्र में जिला परियोजना अधिकारी (डीपीओ) के पद से स्थानांतरित कर सहायक संचालक शिक्षा बनाया गया है .साथ ही उन्हें छतरपुर के जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है. अब तक जिले के जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह के पास था. पीके रैकवार के पदभार ग्रहण करने के बाद शिक्षा विभाग की प्रशासनिक जिम्मेदारी उनके पास होगी .विभाग को उम्मीद है कि उनके अनुभव का लाभ जिले की शैक्षणिक व्यवस्था को मिलेगा. पीके रैकवार इससे पहले भी छतरपुर में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) और प्राचार्य के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं .जिले की शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अनुभव होने के कारण उनके नेतृत्व में शिक्षा विभाग के कार्यों में बेहतर समन्वय और गति आने की उम्मीद जताई जा रही है.



कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

छतरपुर, 1 जुलाई. सटई रोड स्थित रामदेव कॉलेज के पास देर रात करीब 11 बजे एक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया.घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है .सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जानकारी जुटाई. पुलिस मौके पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच कर

मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

- श्री कृष्णा विश्वविद्यालय ने किया समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

बड़ामलहरा, 1 जुलाई. श्री कृष्णा विश्वविद्यालय द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का नगर पंचायत आडिटोरियम में आयोजित समारोह में सम्मान किया गया.

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी थे. अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.अमित कुमार जैन ने की. विशिष्ट अथिति नगर पंचायत अध्यक्ष निशाराजा, डॉ.रमेश असाटी, सुनील मिश्रा, मानिक शर्मा, नरेंद्र दीक्षित डॉ. राजेश शर्मा थे. विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक माधवशरण पाठक ने विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम समेत अन्य जानकारी दी. सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और उनकी मेहनत, लगन ही सफलता की आधारशिला है.

> कुलगुरु डॉ. अमित कुमार जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है. सुनील मिश्रा एवं नरेंद्र दीक्षित ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. सम्मान समारोह में बड़ामलहरा तहसील के 479 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया. अनिकेत असाटी एवं सौरभ राय को प्रमाण पत्र एवं शील्ड के साथ 51--51 सौ रुपये का चेक पुरस्कार के रूप में भेंट किया गया. संचालन डॉ. प्रणति चतुर्वेदी व सुमेधा राय ने किया. आभार डॉ. माधव शरण पाठक ने माना .समारोह के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र सिं गौतम, कुलसचिव डॉ. दिगंत द्विवेदी ने शुभकामनाएं दी.



24 लीटर अवैध शराब जब्त

मजिस्ट्रेट चेकिंग में बमीठा पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 1 जुलाई. जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रनगर चौकी के पास मजिस्ट्रेट चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की.

चेकिंग अभियान के दौरान वाहनों की सघन तलाशी ली गई और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई. पुलिस ने एक वाहन से करीब 24 लीटर अवैध शराब बरामद की.मामले में वाहन चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

एसपी कार्यालय में राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान का सामूहिक गायन

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 1 जुलाई. माह के प्रथम दिवस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया.कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले की उपस्थिति रही. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक साथ राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का गायन कर राष्ट्र के प्रति सम्मान और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया.कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा.इस दौरान कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा.

शादी के 52 दिन बाद महिला की संदिग्ध मौत

- डिजिटल साक्ष्यों ने जांच को दिया नया मोड़
- रसोईघर में फंदे से लटका मिला शव



नवभारत न्यूज

छतरपुर, 1 जुलाई. जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में शादी के महज 52 दिन बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है.26 जून को मनीषा पटेल का शव उसके ससुराल के रसोईघर में फंदे से लटका मिला था.

मृतका का विवाह 5 मई को शिवम पटेल से हुआ था.प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हुआ, लेकिन जांच के दौरान सामने आए डिजिटल साक्ष्यों के बाद पुलिस ने मामले की जांच का दायरा बढ़ा दिया है.

पुलिस जांच और परिजनों के अनुसार, मृतका के मोबाइल फोन से प्राप्त कथित चैट में शादी से पहले उसके एक दूर के रिश्तेदार (जीजा) अजय के साथ प्रेम संबंध होने के संकेत मिले हैं.पुलिस के अनुसार, चैट में दोनों के बीच आपराधिक साजिश से जुड़े कथित संदेश भी मिले हैं.हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन चैट की सत्यता और उनकी कानूनी प्रमाणिकता की पुष्टि जांच और फॉरेंसिक परीक्षण के बाद ही की जाएगी. बताया जा रहा है कि इन कथित चैट की जानकारी ससुराल और मायके पक्ष दोनों को हो गई थी, जिसके बाद पारिवारिक तनाव बढ़ गया.पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है.वहीं मृतका के पति शिवम पटेल के परिजनों ने आशंका जताई है कि उन्हें दहेज प्रताड़ना के झूठे मामले में फंसाया जा सकता है और निष्पक्ष जांच की मांग की है.

> **इनका कहना है**
>
> खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल ने बताया कि मामले की पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मोबाइल से प्राप्त डिजिटल साक्ष्य, फॉरेंसिक जांच और दोनों पक्षों के बयान के आधार पर जांच की जा रही है .उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों और अन्य संभावित पहलुओं पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान

जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने पढ़ा मुख्यमंत्री का संदेश

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 1 जुलाई. जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन समारोह मोटे के महावीर मंदिर परिसर में आयोजित किया गया.

समारोह में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, उपाध्यक्ष विकेंद्र वाजपेयी, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया आदि मौजूद रहे. मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश पढ़ते हुए जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया.उन्होंने बताया कि 19 मार्च से शुरू हुआ यह अभियान करीब चार माह तक चला,

> विधायक ने कहा तालाबों, बावड़ियों और ऐतिहासिक जल धरोहरों को बचाने के लिए जनसहयोग आवश्यक है .कार्यक्रम में जल संरक्षण पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया. लोक गीतों के माध्यम से जल बचाने का संदेश दिया .अभियान में योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया.

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 1 जुलाई. जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के बराखेरा गांव में 22 वर्षीय युवक की जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई.मृतक की पहचान जयहिंद यादव (22) के रूप में हुई है.

परिजन बुधवार सुबह करीब 7 बजे उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.प्रारंभिक तौर पर जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत की बात सामने आई है.पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

कार्यक्रम | **आदिवासी मोहल्ला परापट्टी में समाज भवन का लोकार्पण**

विधायक ललिता यादव ने 58 .10 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 1 जुलाई. छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत परापट्टी में विधायक ललिता यादव ने कुल 58 लाख 10 हजार 850 रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया.इस दौरान उन्होंने आदिवासी मोहल्ला परापट्टी में 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित समाज भवन का लोकार्पण कर इसे ग्रामीणों को समर्पित किया.

कार्यक्रम में विधायक ने ग्राम आमखेरा में 25 लाख रुपये एवं 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मांगलिक एवं सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया.इसके अलावा खजवा सरकार के पास 50 हजार 908 रुपये की लागत से बेंच स्थापना कार्य तथा परापट्टी तिराहा के समीप 2 लाख 58 हजार 942 रुपये की लागत से बनने वाले यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया.

> विधायक ललिता यादव ने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र में सामाजिक सुविधाओं का विस्तार होगा और ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी .उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों, मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई.

सीईओ ने किया डाइट केंद्र का औचक निरीक्षण

विदिशा. जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने मंगलवार को जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों और प्रशासनिक कार्यों का जायजा लिया. इस दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेख, प्रशिक्षण कक्ष, छात्रावास, स्वच्छता, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई.निरीक्षण में दो कर्मचारी अवकाश पर पाए गए. सीईओ ने अधिकारियों को कर्मचारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए.

एक महीने बाद मां से मिला बिछड़ा बेटा

- समाजसेवी संजय शर्मा की पहल रंग लाई

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 1 जुलाई. इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए शहर के समाजसेवी डॉ. संजय शर्मा ने एक बिछड़े बेटे को उसकी मां से मिलाकर मानवता का अनूठा उदाहरण पेश किया.

रीवा जिले के मऊगंज तहसील निवासी कलावती द्विवेदी का 30 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ पुत्र संदीप करीब एक माह पहले छतरपुर के एक धार्मिक स्थल से लापता हो गया था.बेटे की तलाश में भटक रही मां जब छतरपुर बस स्टैंड पर लोगों से मदद मांग रही थीं, तभी उनकी मुलाकात डॉ. संजय शर्मा से हुई. डॉ. शर्मा ने बस स्टैंड के दुकानदार विवेक उप्पल के सहयोग से संदीप की फोटो और जानकारी सोशल मीडिया व स्थानीय मीडिया समूहों में साझा करवाई.कुछ ही घंटों में एक नागरिक ने सूचना दी कि युवक केंद्रीय विद्यालय के पास एक मंदिर में पिछले कई दिनों से रह रहा है. डॉ. शर्मा महिला को लेकर मौके पर पहुंचे.मंदिर में जैसे ही मां और बेटे का आमना-सामना हुआ, दोनों एक-दूसरे से लिपटकर फूट-फूटकर रो पड़े.डॉ. शर्मा ने महिला और उनके बेटे को सुरक्षित उनके गृह जिला रीवा के लिए रवाना कराया.